मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 2745/01/2017/चयन इन्दौर दिनांक 17 MAY 2017

विज्ञप्ति

राज्य सेवा परीक्षा–2016 के साक्षात्कार आयोजन तथा तिथि परिवर्तन हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत करने संबंधी सूचना :–

आयोग के विज्ञापन कमांक 02/परीक्षा/2016/दिनांक 17.03.2016 के अंतर्गत राज्य सेवा परीक्षा–2016 का विज्ञापन जारी किया गया है। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा दिनांक 01.10.2016 से 07.10.2016 तक आयोजित की गई थी । लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 10.03.2017 को जारी किया गया था ।

2/ राज्य सेवा परीक्षा–2016 के साक्षात्कार दिनांक 29.05.2017 से आयोजित किये जाना निर्धारित किये गए है ।

3/ आयोग के विज्ञापन क्रमांक 06/परीक्षा/2016 दिनांक 05.12.2016 के अंतर्गत राज्य सेवा परीक्षा 2017 की मुख्य परीक्षा दिनांक 03.06.2017 से दिनांक 08.06.2017 तक आयोजित की जाना निश्चित है । राज्य सेवा परीक्षा 2016 के साक्षात्कार में सम्मिलित ऐसे आवेदक जो राज्य सेवा मुख्य परीक्षा – 2017 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, आयोग को तत्काल साक्षात्कार तिथि परिवर्तन हेतु अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते है । उक्त अभ्यावेदन विज्ञप्ति जारी करने की तिथि से 15 दिवस की अवधि में आयोग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । साक्षात्कार तिथि परिवर्तन के अभ्यावेदन के साथ साक्षात्कार पत्र की छायाप्रति एवं राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2017 के प्रवेश पत्र की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है । तिथि परिवर्तन की सूचना आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जावेगी ।

4/ राज्य सेवा परीक्षा 2016 के अद्यतन पदों की जानकारी का पत्रक एवं अग्रमान्यता पत्रक की प्रति आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 19.05.2017 से उपलब्ध कराई जावेगी । आवेदकों के पदों की अग्रमान्यता आयोग की वेबसाईट www.mppsc.nic एवं www.mppsc.com पर ऑनलाईन दर्ज कर उसका प्रिंट आउट प्राप्त कर साक्षात्कार दिवस को प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है । पदों की अग्रमान्यता साक्षात्कार दिवस के 02 दिवस पूर्व तक ऑनलाईन भरी जा सकती है । पदों की अग्रमान्यता भरी जाने के संबंध में आवेदकों को प्रस्तुत साक्षात्कार पत्र में समस्त जानकारी अंकित की जावेगी । अतः आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार पत्र में उल्लेखित समस्त शर्तो को गंभीरतापूर्वक अध्ययन कर लें, तत्पश्चात् पदों की अग्रमान्यता ऑनलाईन प्रस्तुत करें । साक्षात्कार पश्चात् पदों की अग्रमान्यता में परिवर्तन के संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं किया जाकर नस्तीबद्ध किया जावेगा ।

टीपः– दिनांक 19.05.2017 से श्रेणीवार अनारक्षित/अन्य पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के साक्षात्कार पत्रक आयोग की वेबसाइट पर तथा ईमेल पर क्रमबद्ध उपलब्ध होगें ।

उप–परीक्षा नियंत्रक